उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 424/2021 **संवाद–143** दिनांक /Date.: 02.08.2021

विषयः– दिनांक 16 जुलाई, 2021 से दिनांक 25 जुलाई, 2021 के मध्य सम्पन्न वन दरोगा ऑनलाइन परीक्षा के प्रश्न, उत्तर तथा उत्तरकुंजी का प्रकाशन व प्रश्नों/उत्तरों पर चुनौती का अवसर दिये जाने के संबंध में

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि आयोग द्वारा **दिनांक 16 जुलाई, 2021 से दिनांक 25 जुलाई, 2021** के मध्य वन विभाग के अंतर्गत **पदनाम–वन दरोगा, पद कोड–679/724/22/2019** हेतु ऑनलाइन परीक्षा (Computer Based Tests(CBT)/Tablet Based Test(TBT) परीक्षा का आयोजन 09 दिवसों में प्रतिदिन दो पालियों अर्थात कुल 18 पालियों में किया गया। इस परीक्षा में सम्मिलित प्रत्येक अभ्यर्थी का प्रश्न पत्र व प्रत्येक प्रश्न का अभ्यर्थी द्वारा दिया गया उत्तर तथा मानक उत्तर कुंजी के अनुसार प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर दिनांक 02.08.2021 को प्रकाशित किया जा रहा है।

इस विवरण को PDF फाइल के रूप में डाउनलोड करने अथवा प्रिंट करने के लिए अभ्यर्थी निम्नानुसार कार्यवाही कर सकते है :–

1. आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर जायें।
2. होम पेज पर C.B.T. Online Objection Link पर क्लिक करें।
3. View Answer Sheet बटन पर क्लिक करें।
4. इसके बाद अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, जन्मतिथि, परीक्षा की तिथि तथा परीक्षा की पाली(Batch या शिफ्ट) दर्ज करें।
5. इसे Submit करने पर अभ्यर्थी का विवरण दिखेगा इसके बाद Click here to view attempted Question Paper बटन पर क्लिक करके अभ्यर्थी का फोटो व विवरण दिखेगा साथ ही प्रत्येक प्रश्न उसके साथ अभ्यर्थी द्वारा दिया गया उत्तर(Chosen Option) तथा मानक उत्तरकुंजी के अनुसार उत्तर(Correct Answer) प्रश्नवार दिख जायेगा। प्रश्न या उत्तर पर अभ्यर्थी चुनौती भी इसी लिंक पर ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। अभ्यर्थी जितने सही समझें उतने प्रश्नों या उत्तरों पर (Add New Objection) के बटन पर क्लिक कर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। अपनी आपत्ति के साथ पाठ्य सामग्री जिसके आधार पर आपत्ति की जा रही है, को भी अपलोड करना अनिवार्य है। **आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 07.08.2021** है इसके उपरांत कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी साथ ही आफलाइन आपत्ति भी स्वीकार नहीं की जायेगी।

आयोग की ओर से,

2/8/21

(संतोष बडोनी)
सचिव।